**सुनवाई** | कलेक्ट्रेट में सुनी गईं 157 आवेदकों की समस्याएं, संबंधित विभाग के अधिकारियों को निराकरण के निर्देश

# दबंगों ने काट ली फसल, जान से मारने की दी धमकी

**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में 157 आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान स्लीमनाबाद तहसील के चरगवां गांव निवासी अनिरुद्ध तिवारी ने शिकायत में बताया कि उनकी पुश्तैनी और खरीदी हुई भूमि पर लगभग 15 लोगों ने बलपूर्वक कब्जा कर लिया है। साथ ही खेत में लगी गेहूं की तैयार फसल को भी जबरन काट लिया है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

शिकायत सुनने के बाद कलेक्टर ने एसडीएम बहोरीबंद को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। शहर के पहरुआ क्षेत्र में रहने वाले 69 वर्षीय केंद्रीय भंडारण निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारी



तुलसीदास वर्मा ने कलेक्टर से मकान मालिक द्वारा प्रताड़ित किए जाने की शिकायत करते हुए बताया कि वे पिछले 10 वर्षों से अनिल कुमार सुहाने के मकान में किराए पर रह रहे थे। लेकिन मकान मालिक ने अचानक न सिर्फ घर का बिजली कनेक्शन काट दिया, बल्कि पानी का जैड पंप भी उखाड़ दिया। साथ ही मकान मालिक ने मुख्य गेट पर अपनी सांकल और ताला लगा दिया, जिससे सारा गृहस्थी का सामान अंदर ही कैद होकर रह गया। तुलसीदास वर्मा ने कहा कि उनके किराए के मकान में उन्हें प्रवेश दिलाया जाए और बिजली-पानी की सुविधा बहाल कराई जाए। जिस पर कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत के निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान ग्राम पंचायत पौंसरा निवासी चेतराम पिता सतई यादव ने बताया कि मैं और मेरी पत्नी दोनों वृद्ध है और हम लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन कर रहें है। चेतराम ने वृद्धावस्था पेंशन दिलवाने के लिए कहा। पर कलेक्टर ने जनपद पंचायत कटनी के सीईओ को आवेदन का निराकरण करने के निर्देश दिए। लाल बहादुर शास्त्री वार्ड निवासी मनोज कुशवाहा ने बताया कि मेरे पास आय का कोई साधन नही है। मैं भूमि हीन हूं। मुझे राशन पर्ची जारी कर सरकार के द्वारा चलाई जा रही राशन की सुविधा दिलाएं ताकि मैं अपना जीवनयापन कर सकूं। इस पर कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी को आवेदक की समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसनुवाई के दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, जिला प्रबंधक लोकसेवा दिनेश विश्वकर्मा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे।



# जनता की समस्याओं के समाधान के लिए रहे तत्पर

**कांग्रसे पदाधिकारियों ने वार्डों का भ्रमण कर किया जनसंपर्क**

**नवभारत, कटनी।** एनकेजे क्षेत्र में जगजीवन राम वार्ड, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, शिवाजी वार्ड और रामकृष्ण परमहंस वार्ड का कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा भ्रमण कर जनसंपर्क किया गया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला ने कहा कि संगठन की मजबूती ही जनता की आवाज को बुलंद करने का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे लगातार जनसेवा के कार्यों में सक्रिय रहकर आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहें। ब्लॉक अध्यक्ष राजेश जाटव सहित उपस्थित पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखते हुए संगठन को मजबूत बनाने और जन-जन तक कांग्रेस की नीतियों को पहुंचाने पर जोर दिया। इस दौरान कमल पांडे, चोखे भाईजान, दिग्विजय सिंह, संजय गुप्ता, इस्तियाक अहमद, सुरेंद्र कुमार, मो. रईस खान, निजामुद्दीन अंसारी, विनीत जायसवाल, शेख शाह जहां, नगदी विरहा, अख्तर खान, सरताज, गुलजार खान, संदीप हांडा, नरेश कुमार रजक, मुकेश तिवारी, शरीफ खान, अनीश, राजेश चावरे, बसंत सिंह, सुनील कुमार श्रीवास सहित काफी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उपसिथित रही।

## एक नजर में



### एमएसएमई प्रोत्साहन योजना के तहत 19 उद्योगों को मिली अनुदान की मंजूरी

**नवभारत, कटनी।** मप्र एमएसएमई प्रोत्साहन योजना 2025 के तहत प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों का परीक्षण कर उनके निराकरण के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सहायता समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला व्यापार उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक ज्योति सिंह चौहान और अग्रणी जिला प्रबंधक मेझरस किण्डो उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कलेक्टर ने एमएसएमई योजना अंतर्गत प्रकरणवार समीक्षा की। परीक्षण के बाद विभिन्न क्षेत्रों जैसे राईस मिल, दाल मिल, वॉल पुट्टी प्लांट, बायोमास पेलेट्स, नमकीन निर्माण, रिफेक्ट्रीज और कार्बन ब्लॉक से संबंधित उद्योगों के प्रकरण प्रस्तुत किए गए। समिति ने गहन परीक्षण के बाद 19 प्रकरणों को उद्योग विकास अनुदान सहायता के लिए मंजूरी दी गई। साथ ही कार्बन ब्लॉक, फ्यूल ऑयल और वायर निर्माण से संबंधित 7 प्रकरणों को लेकर निर्देश दिए कि पहले इन इकाइयों के कार्यस्थल का भौतिक निरीक्षण किया जाए। साथ ही इन सभी इकाइयों के एक ही स्थान पर होने के कारण वहां क्लस्टर पार्क विकसित करने का सुझाव भी दिया गया, ताकि उद्योगों को बेहतर बुनियादी ढांचा मिल सके। बैठक के दौरान कलेक्टर ने औद्योगिक क्षेत्र बरगंवा स्थित मेसर्स डीएलजी इन कारपोरेशन प्रायवेट लिमिटेड, ग्राम पडुआ स्थित मेसर्स सुखसागर फूड प्राइवेट लिमिटेड और ग्राम इमलिया स्थित राधे ट्रेडर्स एवं अन्य दाल मिल इकाइयों के निरीक्षण के आदेश दिए। बैठक के दौरान अधोसंरचना विकास के लिए प्राप्त 4 प्रकरणों पर निर्णय लिया गया कि कार्य पूर्ण होने और उत्पादन शुरू होने के बाद, प्रस्तुत बिलों के आधार पर ही अनुदान की स्वीकृति दी जाएगी।

# हत्या के मामले में फरार चल रहे दो आरोपी गिरफ्तार

**रीठी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर की कार्रवाई**





**नवभारत, रीठी।** जिले के रीठी थाना अंतर्गत क्षेत्र से हत्या के दो अलग-अलग मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि रीठी थाना अंतर्गत ग्राम बूढ़ा लतिलपुर में 28 फरवरी 2012 को जुगराज पारधी की हत्या 10 आरोपियों द्वारा लाठी और बरछी से हमला कर की थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। प्रकरण में आठ आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था, लेकिन बूढ़ा ललितपुर नवासी मुख्य आरोपी कंडल पारधी पिता बाबरू पारधी वारदात के बाद से ही फरार चल रहा था। पुलिस पिछले 14 वर्षों से आरोपी की तलाश कर रही थी, गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी अपनी पहचान और ठिकाने लगातार बदल रहा था। इस बीच मुखबिर की सूचना के आधार पर कंडल पारधी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एक दूसरे हत्या के प्रकरण में फरार एक दूसरे आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि रीठी थाना क्षेत्र में पटेहरा गांव में पटेहरा में अनिसर पारधी ने बरछी से हमला कर गवन उर्फ बाबा पारधी की हत्या कर दी थी। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था, लेकिन आरोपी वारदात के बाद से ही फरार चल रहा था, आरोपी की तलाश लगातार पुलिस टीम द्वारा की जा रही थी, इसी बीच पुलिस को आरोपी के संबंध में पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी अनिसर पारधी को गिरफ्तार कर लिया है।

# जवाबदेही को परखने का प्रभावी मंच बनकर उभर रही जनसुनवाई

**महापौर ने सुनीं 28 शिकायतें, निराकरण के निर्देश**




**नवभारत, कटनी।** नगर निगम में आयोजित होने वाली महापौर जनसुनवाई सिर्फ शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया नहीं ,बल्कि यह प्रशासनिक जवाबदेही को परखने का एक प्रभावी मंच बनकर उभर रही है। मंगलवार को आयोजित महापौर जनसुनवाई में शहर के विभिन्न वार्डों से बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं सीधे महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के समक्ष रखीं। इस दौरान न सिर्फ समस्याओं को सुना गया, बल्कि उनके समाधान की दिशा में तत्काल निर्णय लेने की प्रक्रिया भी देखने को मिली। इस बार की जनसुनवाई में कुल 28 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें पेयजल, जलभराव, सड़कों की मरम्मत, स्वच्छता व्यवस्था, अतिक्रमण और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रहीं। महापौर द्वारा कई प्रकरणों में मौके पर ही अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए, जिससे तत्काल समाधान की प्रक्रिया शुरू हुई। कुछ मामलों में वहीं पर निर्णय लेकर नागरिकों को त्वरित राहत भी दी गई। महापौर ने जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी प्राप्त आवेदनों का निराकरण तय समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए, अनावश्यक विलंब को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को लंबित प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग करने, फील्ड विजिट बढ़ाने और नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित करने के निर्देश भी दिए। महापौर ने यह भी कहा कि जनसुनवाई केवल समस्याओं को सुनने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह प्रशासन के लिए एक सतत मूल्यांकन प्रणाली की तरह कार्य कर रही है।

# ऑनलाइन सट्टा खेलने के आरोप में पुलिस ने 9 युवकों को दबोचा

**दोनों थाना प्रभारियों के नेतृत्व में की गई कार्रवाई**

**नवभारत, कटनी।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन लिफ्ट अंतर्गत आईपीएल के दौरान ऑनलाइन सट्टा पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि माधवनगर थाना प्रभारी संजय दुबे और कोतवाली थाना प्रभारी राखी पांडेय के नेतृत्व में साइबर सेल सहित पुलिस की चार विशेष टीम ने शहर के ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालन के संभावित ठिकानों में दबिश दी। दबिश के दौरान पुलिस ने टीम ने आईपीएल मैचों पर ऑनलाइन आईडी के माध्यम से सट्टा खेलते मिले 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से सट्टा खेलने में उपयोग किए मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य सामग्री भी जप्त की गई है। पकड़े गए आरोपियों में नई बस्ती निवासी पंकज उर्फ हेमन्त पिता त्रिलोकी चंद्र खटीक, संतनगर निवासी विक्की पिता दिलीप कुमार पुरुषवानी, पुरानी बस्ती निवासी आजाद अहमद पिता सत्तार खान, ईश्वरीपुरा वार्ड निवासी साजिद अली जगमोहन वार्ड निवासी राम पिता रविशंकर निषाद, माधवनगर निवासी विजय पिता मोहनलाल मूलचंदानी, कैरिन लाइन निवासी संजय पिता लद्दा राम सोमवानी, एडीएम लाइन निवासी मुकेश पिता कन्हैयालाल दौलतानी, शुभ सिटी निवासी जय पिता नंदलाल इसरानी शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों से 9 मोबाइल फोन, नगदी राशि, क्रिकेट सट्टा हिसाब-किताब और अन्य सहायक उपकरण जब्त किए हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। साथ ही ऑनलाइन आईडी बनाकर सट्टा खिलाने वाले मुख्य आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। पुलिस ने जिले के लोगों से कहा है कि सट्टेबाजी से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना तत्काल पुलिस को दे, ताकि क्रिकेट सट्टा के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पुलिस ने कहा है कि ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलाने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाएगी।

# सरकारी तालाब की जमीन पर कब्जा, बना दिया मार्केट

**कलेक्टर से की गई शिकायत, कार्रवाई की मांग**



**नवभारत, कटनी।** शहर के कुठला क्षेत्र में शासकीय तालाब की भूमि पर अवैध कब्जे का गंभीर मामला सामने आया है। समाजसेवी विपिन दुबे ने कलेक्टर को शिकायत करते हुए आरोप लगाया है कि कुठला थाना के आगे ट्रांसपोर्ट नगर मोड़ पर एक प्रभावशाली व्यक्ति द्वारा न सिर्फ अपनी लगभग सात हजार वर्गफीट निजी भूमि का उपयोग किया गया है, बल्कि करीब 13 हजार वर्गफीट शासकीय तालाब की जमीन पर भी कब्जा कर लिया गया है। करोड़ों की सरकारी भूमि पर नियमों को दरकिनार कर एक मार्केट का निर्माण कर लिया गया है। समाजसेवी विपिन दुबे ने कहा कि तालाब जैसी जल संरचनाओं पर इस तरह का अतिक्रमण भविष्य में जल संकट को और गंभीर बना सकता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# अवैध प्लाटिंग पर नगर निगम की टीम ने चलाई जेसीबी

**नगर निगम सीमा अंतर्गत अहमद नगर में की गई कार्रवाई**



**नवभारत, कटनी।** शहर में अवैध कॉलोनी विकसित करने वालों के खिलाफ नगर निगम ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई का दायरा तेज कर दिया है। इसी कड़ी में राम मनोहर लोहिया वार्ड स्थित अहमद नगर क्षेत्र में निगम प्रशासन के संयुक्त अमले ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से निर्मित संरचना को जेसीबी मशीन के माध्यम से हटाने की कार्रवाई की गई। कॉलोनी सेल प्रभारी कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह ने बताया कि अहमद नगर स्थित भूमि पर उवैस अहमद, मुजम्मिल कय्यूम और अन्य द्वारा बिना वैध अनुमति और स्वीकृति के कॉलोनी विकसित करने के उद्देश्य से अवैध प्लाटिंग का निर्माण कार्य किया जा रहा था। शिकायत और जांच के बाद निगम अमले ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन के माध्यम से स्थल पर निर्मित अवैध निर्माण की संरचनाओं को हटाने की कार्रवाई की गई। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि शहर में अवैध कॉलोनाइजरों के विरूद्ध कार्रवाई का सिलसिला लगातार जारी रहेगा। किसी भी प्रकार की नियम विरुद्ध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में लगातार कार्रवाई की जाएगी।

# रेत का अवैध परिवहन करने पर पुलिस ने जब्त की ट्रैक्टर-ट्राली

**ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के मोहदी घाट पर की गई कार्रवाई**



**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** जिले के ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र से पुलिस ने रेत का अवैध परिवहन करने पर ट्रेक्टर ट्राली को जब्त किया है। ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के बाद मोहदी घाट पर दबिश दी गई, जहां से पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली के माध्यम से रेत का अवैध परिवहन किए जाने पर कार्रवाई की है। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए ट्रेक्टर ट्राली को जब्त कर लिया है। पकड़े गए ट्रेक्टर को महोदा गांव निवासी राम विशाल कोल चला रहा था। पुलिस द्वारा रेत से संबंधित दस्तावेज मांगे गए, लेकिन उसके पास किसी प्रकार के कोई दस्तावेज नहीं थे। पुलिस ने रेत से भरी ट्रेक्टर ट्राली को जब्त कर लिया है। जांच में पता चला है कि जब्त वाहन का मालिक महोदा गांव निवासी विनोद रजक है। पुलिस ने इस मामले में खनिज अधिनियम और संबंधित धाराओं के तहत वैधानिक कार्रवाई की है। थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने चेतावनी देते हुए कहा रेत माफियाओं और अवैध उत्खनन करने वालों के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्रवाई में प्रधान आरक्षक सुबच्चन यादव, आरक्षक पंकज, आरक्षक डूमन और आरक्षक गंधर्व की भूमिका रही। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, एएसपी संतोष डेहरिया और स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन की गई है।

**विकास** | भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुईं महापौर, 22 लाख की लागत से कराए जाएंगे विकास कार्य

# सभी को मिले बेहतर सुविधाएं, शहर को सुव्यस्थित, स्वच्छ और सुंदर बनाना हमारी प्राथमिकता

**नवभारत, कटनी।** नगर के जालपा देवी वार्ड में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए 22 लाख रुपए से अधिक लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद एवं एमआईसी सदस्य डॉ रमेश सोनी की उपस्थिति में वार्ड के वरिष्ठ नागरिक डॉ सीताराम सेठिया से कराया गया। विकास कार्यों के अंतर्गत तिलक राष्ट्रीय स्कूल ग्राउंड के पीछे दोनों ओर पेवर ब्लॉक फ्लोरिंग का कार्य कराया जाएगा, जिससे जलभराव की समस्या में कमी आएगी और आवागमन अधिक सुगम हो सकेगा। वहीं लक्ष्मी नारायण मंदिर से शारदा जनरल स्टोर्स होते हुए फूलचंद साहू, रवि राय के



मकान से गुलाबचंद सोनी के मकान तक सीसी रोड निर्माण कार्य किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में आवागमन की सुविधा और अधिक मजबूत होगी। साथ ही अशोक विश्वकर्मा के घर से गौतम भवन तक सीसी रोड निर्माण से लंबे समय से बनी सड़क समस्या का समाधान होगा और नागरिकों को राहत मिलेगी। महापौर श्रीमती सूरी ने कहा, हमारा लक्ष्य प्रत्येक नागरिक को बेहतर सुविधा, सुरक्षा और सम्मान करना है। नगर का समग्र विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होने कहा कि शहर का हर वार्ड न सिर्फ स्वच्छ और सुव्यवस्थित हो, बल्कि वह नागरिकों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाने वाला एक आदर्श क्षेत्र भी बने। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा लगातार ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं, जिनसे आमजन को मूलभूत सुविधाएं सरलता और सुगमता से उपलब्ध हो सकें।

सड़क, स्वच्छता, जल निकासी, पेयजल और अन्य आवश्यक सेवाओं को मजबूत करना हमारी जिम्मेदारी है और इसी दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। महापौर ने आगे कहा कि नागरिकों की सहभागिता के बिना किसी भी विकास कार्य को पूर्ण रूप से सफल नहीं बनाया जा सकता। इसलिए सभी नागरिकों से अपेक्षा है कि वे शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने में अपना सक्रिय योगदान दें। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य सुभाष साहू, बीना बैनर्जी, सुरेंद्र गुप्ता, उमेंद्र अहिरवार, बजरंग बाल रामायण समिति अध्यक्ष नरेंद्र खंताल विक्रम खम्परिया, बीके चौबे, बसंत नौगरिया, प्रहलाद सरावगी, साहिल कनकने, अंकुर जैन, गुप्ता, शीला गुप्ता, सोनिया गुप्ता, कांता चौदहा, सुषमा रैकवार, रूबी कनकने, लाली खंताल, निर्मला नौगरिया, मंजुला, पुष्पा जायसवाल, रिंकी तपा, अजीत जायसवाल सहित वार्ड के अन्य नागरिक उपस्थित रहे।




